# बिहार सरकार
# लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग।

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या–6ए/वि01–1038/2023–101 पटना, दिनांक– 24/01/24

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा द्वारा ऐजेन्सी M/s Aastha Construction, Vidyapati Nagar, Saharsa-852201 को एकरारनामा संख्या–SBD-488/19-20 के तहत आवंटित ''हर घर नल जल'' का कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा का कार्यालय आदेश संख्या–17, सह पठित ज्ञापांक–41 दिनांक–07.01.2021 द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

संवेदक/ऐजेन्सी द्वारा उक्त आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत, डिबार से मुक्त करने हेतु आवेदन समर्पित किया गया जिसे संलग्न करते हुए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ के पत्रांक–395 दिनांक–06.12.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या–MBD-488/19-20 में डिबार से मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

उक्त प्राप्त अनुशंसा के समीक्षोपरांत पाया गया कि उक्त ऐजेन्सी को डिबार SBD-488/19-20 के तहत किया गया था जबकि डिबार मुक्त करने का अनुशंसा क्षेत्रीय पदाधिकारीयों द्वारा MBD-488/19-20 में किया गया है।

उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा को स्थिति स्पष्ट करने का निदेश दिया गया। तदालोक में कार्यपालक अभियंता, सहरसा द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक/ऐजेन्सी द्वारा किया गया एकरारनामा संख्या–488/19-20, MBD अंतर्गत है।

संवेदक/ऐजेन्सी से प्राप्त आवेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियां प्रक्षेत्र, पूर्णियां से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–23.01.2024 को प्रधान सचिव/ अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा द्वारा भाग लिया गया।

तदोपरान्त संवेदक/ऐजेन्सी से प्राप्त आवेदन एवं क्षेत्रीय पदाधिकारीयों द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा का कार्यालय आदेश संख्या–17, सह पठित ज्ञापांक–41 दिनांक–07.01.2021 द्वारा ऐजेन्सी M/s Aastha Construction, Vidyapati Nagar, Saharsa-852201 (सूचीबद्धता संख्या–26/2018) को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित करने के आदेश को विलोपित किया जाता है।

2. इस पर प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–1038/2023–309 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग (मुख्यालय), बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–1038/2023– 309 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव

**Speed Post**

ज्ञापांक–6ए/वि01–1038/2023– 309 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–ऐजेन्सी M/s Aastha Construction, Vidyapati Nagar, Saharsa-852201 (सूचीबद्धता संख्या–26/2018)को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–1038/2023– 309 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव